दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। सोमवार 13 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 213 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## दिल्ली के दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

### मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस की टीम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दो अलग-अलग अस्पतालों को धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं। इस ईमेल में अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें दो अस्पतालों से फोन आए हैं, पहला बुराड़ी सरकारी अस्पताल से और दूसरा मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल से। दिल्ली फायर ऑफिसर के मुताबिक मामले में अभी जांच जारी है।




बताया जा रहा है कि ईमेल मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को इसकी सूचना दी है, जिसके बाद पुलिस की टीमें बम स्क्वाड और दमकल विभाग के साथ अस्पताल पहुंच गई हैं। जिन अस्पतालों को बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल किया गया है, उसमें बुराड़ी का सरकारी अस्पताल और मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली पुलिस का कहना है कि अस्पताल में बम होने की धमकी को लेकर एक ईमेल मिला था। स्थानीय पुलिस अस्पताल में जांच कर रही है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। दिल्ली के अस्पताल के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को भी धमकी भरा ईमेल मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एयरपोर्ट पर तलाशी की जा रही है। एक ही मेल आईडी से अस्पताल और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ईमेल भेजा गया है। यह ईमेल दोपहर करीब 3 बजे भेजा गया था।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और वाम मोर्चा की अराजकता से मिलकर बनी टीएमसी : पीएम नरेंद्र मोदी



**कोलकाता।** देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। इसके साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का दौर भी जारी है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे।

### टीएमसी सरकार एससी समुदाय के विकास से चिढ़ती है

हावड़ा में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने टीएमसी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी कट्टर महिला और एससी-एसटी विरोधी है। कांग्रेस धर्म के आधार पर विभाजित करती है। दोनों दल अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए अपने नियंत्रण की हर चीज कर सकते हैं। उन्होंने सीएए के माध्यम से मतुआ समुदाय को नागरिकता देने का विरोध किया। पीएम ने आगे कहा कि टीएमसी सरकार एससी समुदाय के विकास से चिढ़ती है, इसलिए वह आपको आगे नहीं बढ़ने दे रही है। भाजपा सरकार हितों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने पूछा जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो एससी समुदाय के कल्याण के लिए सिर्फ 40 हजार करोड़ रुपये का बजट क्यों दिया जाता था। आज भाजपा सरकार, एससी समुदाय के कल्याण के लिए 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट देती है।

### कांग्रेस, लेफ्ट और टीएमसी ने बंगाल को बर्बाद कर दिया

उन्होंने कहा कि जिस तरह से टीएमसी बंगाल को लूट रही है, वह बहुत बड़ा पाप है। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला घोटाला, चिटफंड घोटाला, राशन घोटाला, सूची बहुत लंबी है। टीएमसी ने हमारे किसानों को भी नहीं बख्शा। उन्होंने मंडियों में धान किसानों को भी लूट लिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का भ्रष्टाचार, कांग्रेस का भाई-जातिवाद और कांग्रेस के तुष्टिकरण को लेफ्ट के अत्याचार, और अराजकता सहित तमाम बुराइयों को मिलाते हैं तो तब जाकर टीएमसी बनती है। हमारा हावड़ा देख रहा है कि कैसे कांग्रेस, लेफ्ट और टीएमसी ने बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

### सरकार बनते ही नेताओं की भाषा बदल जाती थी

पीएम मोदी ने कहा कि पहले पार्टियां आपका वोट लेती थीं लेकिन सरकार बनते ही उनकी भाषा बदल जाती थी। आप उनके पास जाते थे तो वह आपको पहचानते ही नहीं थे। हमने इस सोच को बदला। केंद्र की भाजपा सरकार देश के हर नागरिक के दरवाजे तक पहुंच रही है। इसलिए आज बंगाल के करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।

## डीएम सर्किल रेट पर गृहकर के बिल नहीं होंगे जारी : महापौर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति कर बढ़ाने की चर्चा सुनाई दे रही हैं। पुरानी दरों से संपत्ति कर जमा नहीं किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

जिस पर महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट कर दिया है कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर के बिल जारी नहीं होने देंगी। प्रत्येक दो साल में दस प्रतिशत की दर से संपत्ति कर बढ़ाने का नियम नगर निगम बोर्ड ने पास किया हुआ है।, इसमें किसी भी तरह का संशोधन बोर्ड की मंजूरी से ही हो सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में संपत्ति कर बढ़ेगा या नहीं,यह निर्णय निगम के सदन में होगा।

15 फरवरी को निगम की कार्यकारिणी बैठक में प्रस्ताव एक अप्रैल 2024 से संपत्ति कर बढ़ाने का फैसला नगर निगम यथास्थिति का हुआ था। इस बीच पिछले तीन-चार दिनों में जोनल कार्यालयों में पुरानी दरों से संपत्ति कर नहीं लिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महापौर ने स्पष्ट किया है कि डीएम सर्किल रेट से संपत्ति कर नहीं बढ़ेगा। संपत्ति कर कितना बढ़ेगा और कब से बढ़ाया जाएगा, इस पर बोर्ड बैठक में चर्चा होगी। बोर्ड से जो प्रस्ताव पास होगा, उसे लागू किया जाएगा।

कई पार्षदो ने बताया कि कुछ रोज पहले गृहकर जमा करने गए लोगो को पुरानी दरों से कर जमा करने से माना कर वापस लौटा दिया था। हालांकि, नई दरों पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। निगम की तरफ से बिल नहीं भेजे गए हैं, संज्ञान में यह भी आया है कि मौके पर बढ़े हुए कर की पर्ची बनाकर दी जा रही है।




### सुनीता दयाल ने कहा जनता को परेशान नहीं होने देंगे

### जनता पर इस प्रकार का बोझ नहीं डाला जाएगा : सुनीता दयाल



इस प्रकरण में महापौर ने साफ शब्दों में कहा गया है कि प्रत्येक2 वर्षो में गृहकर की वृद्धि की जाती है और अभी गृहकर बढ़ाया गया तो यह नियमानुसार गलत है और सभी से वार्ता की जाएगी जनता पर इस प्रकार का बोझ नही डाला जाएगा।

## डासना जेल में हुआ मदर्स डे सेलिब्रेशन

### गुलाब के फूल और जादू की झप्पी के साथ दिन बनाया गया खास




**35 मदर्स बनी डासना जेल में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा**



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** रविवार को पूरा देश जहां मदर्स डे सेलिब्रेशन कर रहा था, तो वही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंदर डासना स्थित बंदी ग्रह का नजारा भी बिल्कुल अलग था। यहां जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह द्वारा मदर्स डे के अवसर पर जेल में बंद माताओं के बच्चों को आमंत्रित किया गया था।

बच्चे माँ से मिलने को आए तो उनके हाथों में लाल कलर के गुलाब के फूल थे, दिल में मदर्स डे सेलिब्रेशन के जज्बात और जब बच्चे अपनी मम्मीयों से मिले तो उन्होंने जादू की झप्पी देकर इस दिन को खास बना दिया। जेल प्रशासन के अनुसार मदर्स डे के अवसर पर रविवार को कुल 35 मम्मी ऐसी थी, जिन्होंने मदर्स डे का सेलिब्रेशन किया।

### अलग माहौल देने की कोशिश : आलोक सिंह



करंट क्राइम : गाजियाबाद स्थित डासना जेल के जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह का कहना है कि डासना जेल को वैसे भी बंदी सुधार ग्रह के नाम से जाना जाता है और यही वजह है कि मदर्स डे के अवसर पर इस दिन को खासतौर पर मनाने के लिए जेल में बंद माता के बच्चों को बुलाया गया। वह अपने साथ उपहार और प्यार लेकर आए। यह नजारा सभी के लिए बेहद आनंद प्रदान करने वाला था। कुल मिलाकर पुलिस ने यहां मदर्स डे के अवसर पर अपना एक अलग रूप भी प्रस्तुत किया है।



## चुनाव के बाद फिर तेज होगी कमिश्नरेट में दो नए थानों की प्रक्रिया

### नीति खंड और राज नगर एक्सटेंशन को लेकर वर्किंग होगी तेज

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को बने हुए डेढ़ साल का समय बीत चुका है। डेढ़ साल के भीतर नए स्थानों के बनने की प्रक्रिया चालू है। तो सूत्र बता रहे हैं कि चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बाद जून के माह में दो और नए थानों की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों पर भरोसा करें तो इंदिरापुरम क्षेत्र को काटकर बनने वाले नीति खंड और राज नगर एक्सटेंशन में नए थाने बनाने के लिए प्रक्रिया तेज होगी। उधर जानकारी मिली है की नीति खंड थाना क्षेत्र के लिए जमीन वाला मामला लगभग हाल हो गया है। तो राज नगर एक्सटेंशन के लिए भी प्रशासन की ओर से जगह मुहैया कराने पर सहमति बन चुकी है।

### दोनों ही थाने रहेंगे हाई राइज सोसाइटी वाले



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के अंतर्गत जो दोनों नए थाने निकट भविष्य में शुरू किए जाने हैं, वह दोनों ही थाने हाई राइज बिल्डिंग वाली पुलिसिंग वाले रहेंगे। सूत्र बता रहे हैं की नीति खंड थाने में भी इंदिरापुरम की कई बड़ी सोसाइटियान शामिल की जाएगी। तो वही राज नगर एक्सटेंशन में भी वह इलाका अधिक शामिल किया जाएगा जो वर्तमान में नंदग्राम थाने की हाई राइज बिल्डिंग वाला कहा जाता है। सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही थाना क्षेत्र की आबादी भी लाखों की संख्या में रहने वाली है।

### नए थाने मजबूत करेंगे पुलिसिंग और नियंत्रित होगा अपराध

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद अपराध नियंत्रण की स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही गाजियाबाद में पुलिस बल भी बढ़ रहा है। ऐसे में थाना बनेंगे और पुलिसिंग मजबूत होगी। इससे आम जनता को भी लाभ मिलेगा । इसके साथ ही वारदातों में कमी लाने के लिए पुलिसिंग अपनी व्यवस्था को भी मजबूत करेगी।

### कमिश्नरेट के अंदर बने हैं यह नए थाने

करंट क्राइम : शालीमार गार्डन, अंकुर विहार, साइबर सेल थाना, इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बड़ी संख्या में पिंक बूथ और पिंक बूथ पर ही परिवार परामर्श केंद्र भी पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के अंदर का स्थापित किए गए हैं।

## पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने मातृ दिवस पर किया मां को याद



### मां - धरती मां - ईश्वर को ही नियति ने दिया है सृजन का वरदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मातृ दिवस पर पूरी मातृ शक्ति को प्रणाम करता हूँ।पूरी स्त्रष्टि में तीन ही हैं जिन्हें नियति ने सृजन का वरदान दिया है ।एक मां ,दूसरा धरती माँ और तीसरा स्वयं ईश्वर ।ईश्वर निराकार है इसलिए माँ उसी ईश्वर की प्रतिकृति है।

मातृ दिवस के अवसर पर मुझे अपनी मां का स्मरण हो आया है।अपनी मां सभी के लिए कुछ खास होती है मेरी माँ भी मेरे लिए कुछ खास थी। उंसने कोई औपचारिक शिक्षा नहीं पाई गई। लेकिन उंसके पास वह सब था जो कई बड़े पढेलिखे लोगों के पास नहीं होता है। हम छः भाई बहन थे। माँ ने उन्हें पाला और बाद में मेरे बड़े भाई के तीन बच्चों को भी पाला क्योंकि बच्चों की माँ ( हमारी भाभी )का आकस्मिक निधन हो गया था। तीनो बच्चे छोटे छोटे थे और बड़े भाई सरकारी सेवा में थे। माँ ने उनके पास रहकर उन्हें भी पाल पोस कर बड़ा किया।



मैं राजनीति में जनसंघ से जुड़ा और अब भी भाजपा से जुड़ा हूँ इसका श्रेय मेरी माँ को है। कारण तो मैं नहीं जानता लेकिन मेरी माँ जनसंघ को वोट देती थी। उसी कारण मैं न केवल जुड़ा बल्कि आज भी वहीं खड़ा हूँ जहां मेरी मेरी माँ थी। मेरी माँ सुनाया करती थी कि जब वह ब्याह कर आई थी ,तो उनकी सास ( मेरी दादी ) माँ की परीक्षा लेने के लिए चांदी के सिक्के( उस समय प्रचलन में थे ) किसी कपड़े में बांधकर ऐसे स्थान पर डाल देती थी जहाँ अक्सर झाड़ू लगाते समय सामने आता था। मेरी माँ कहती थी कि वह अपनी सास से कुछ नहीं कहती थी। बस उन्हें जमीन से उठाकर ऊपर रख देती थी। मेरी माँ सदैव अपनी सास की परीक्षा में उत्तीर्ण हुई। हमें अपनी माँ का ये पाठ आज भी याद है। राजनीति में भी और सामाजिक जीवन में भी उसे जीने का प्रयास किया ।पूरे जीवन मे माँ की तरह हम भी सभी की परीक्षा में उत्तीर्ण हों ,ये ही प्रयास जारी है।



मेरे बाबा जी आर्यसमाजी थे। स्वामी श्रद्धानन्द जी के शुद्धि आंदोलन में उन्होंने भाग लिया था। हमारे घर में श्राद्ध नहीं होता । हमारे मौहल्ले में बाबा मुखिया थे उनके घर जब श्राद्ध होता था तो उनके घर से खीर पूड़ी आती थी। हम तो श्राद्ध का अर्थ खीर पूड़ी खाने को मिलना ही समझते थे। अपनी माँ से पूछते थे कि हमारे घर श्राद्ध क्यों नहीं होते तब हमारी माँ कहती थी कि बापू जी ( हमारे बाबा उन्हें सभी बापू जी कहते थे ) कहते हैं जीवित की जितनी सेवा करनी है कर लो मरने के बाद श्राद्ध पाखंड है। मेरी माँ ने बाबा जी की इतनी सेवा की कि उनका स्मरण मात्र भावुक कर देता है। बाबा जी 97 वर्ष जीवित रहे। बुढ़ापे में अशक्त हो गए थे। लाठी के सहारे चलते थे। घर मे ही उनके रहने और शौच आदि की व्यवस्था थी। जिस कमरे में वह रहते थे उसी में उनके लिए शौच की व्यवस्था थी। अनेक वर्षों तक मेरी माँ ने अपना पावन कर्तव्य निर्धारित किया था कि स्वयं शौच और पेशाब का बर्तन स्वयं से उठाकर बाहर कूड़े पर रखना और बर्तन फिर धोकर वही कमरे में रखना। कभी जमादारनी को भी ये अवसर नहीं देती थी। बाबा जी को नहाने केउनके स्नानागार में गर्म पानी और उनके धुले हुए कपड़े रखना, स्नान के बाद उनके कपड़े धोकर सुखाना और भूख के समय गर्म भोजन देना ,माँ की जैसे पूजा का क्रम था। बाबा जी के कारण माँ कहीं रिश्तेदारियों में भी नहीं जा सकती थी। माँ ने सच में बाबा जी को जीवित रहते पूरी श्रद्धा के साथ प्रतिदिन श्राद्ध करती थी।

मातृ दिवस पर मैं अपनी माँ का स्मरण करके उनके जीवन के आदर्शों को एक बार अपने लिए अपने सामने प्रस्तुत करता हूँ। मेरी माँ मेरे लिए आईना है जो मुझे बताता है कि अभी मैं उनसे बहुत पीछे हूँ।

# ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने डीडीपीएस संजय नगर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन को बताया गैरजरूरी

## अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने वीडियो जारी कर समस्या के समाधान सुझाये





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देहरादून पब्लिक स्कूल संजय नगर सेक्टर-23 में कक्षा- छह व सातवीं में पढ़ने वाले बच्चों को देहरादून पब्लिक स्कूल मधुबन बापू धाम भेजे जाने के विरोध में अन्य एसोसिएशन द्वारा स्कूल के बाहर प्रदर्शन को ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने गैरजरूरी,गैरवाजिब बताया है। एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने वीडियो जारी कर विरोध प्रदर्शन की खामियां,समस्या के हल का तरीका तथा समस्या का हल न निकलने पर कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारी व स्कूल के खिलाफ क्या हो सकता है इस बारे में बताया। अपने द्वारा जारी बयान में एसोसिएशन की अध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि स्कूल मान्यता नियमावली मे स्कूल ब्रांच संचालन का कोई प्रावधान नहीं है। यदि संजय नगर सेक्टर 23 में पढ़ने वाले बच्चों को मधुबन बापू धाम किसी अन्य स्कूल में पढ़ाया जाता है तो इसके लिए दोनों ही स्कूल दोषी हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी से संजय नगर के बजाए मधुबन बापू धाम की जांच/निरीक्षण करने की मांग की जानी चाहिए तथा यदि स्कूल में निर्धारित संख्या से अधिक बच्चे पाए जाते हैं तो स्कूल के खिलाफ कार्रवाई के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी पर दबाव बनाया जाना चाहिए। उनके द्वारा कार्रवाई न करने पर उनसे और उच्च अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जब समाचारपत्रों से जानकारी मिली कि धरनारत लोगों से मिलने के लिए नगर मजिस्ट्रेट पहुंचे थे तब उन्होंने तीन सदस्यीय एक समिति का गठन किया था जिसे दो दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी जिसे बीते कई दिन हो चुके हैं लेकिन अफसोस कि आंदोलनकारी संस्था ने उसके लिए आवाज नहीं उठायी बल्कि प्रतिदिन विरोध के नए तरीके अपनाकर ये दशार्या जा रहा है कि वो विरोध प्रदर्शन को लंबा खींचकर अपना प्रचार करना चाहते हैं उन्हें बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से कोई सरोकार नहीं है ।जबकि ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन कक्षा छठी, सातवीं के साथ-साथ स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों की पढ़ाई के प्रति गम्भीर है।

## प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाने की प्रेम नगर कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार रात करीब 9: 20 बजे प्रॉपर्टी डीलर अपने कार्यालय के बाहर खड़ा था। इसी दौरान एक युवक उसे गोली मारकर फरार हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। मामा भांजे के बीच चली आ रही रंजिश के चलते भांजे पर आरोप है । टीला शाहबाजपुर गांव निवासी विक्रम मावी लोनी बॉर्डर थाने की प्रेम नगर कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। शनिवार शाम करीब 9:20 बजे विक्रम मावी अपने कार्यालय के बाहर खड़े हुए थे, इसी दौरान एक बदमाश उन्हें छाती में गोली मारकर फरार हो गया। विक्रम मावी को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है मामा भांजे के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है, चार-पांच दिन पूर्व भांजे ने मां के खिलाफके खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# कृष्ण सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** विवेकानंद नगर मानव संस्कार केंद्र स्कूल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास साध्वी निकुंज प्रिया मंजरी ने सुदामा चरित्र का वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। आजकल तो स्वार्थ की मित्रता रह गई है जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है तब तक मित्रता रहती है और जब स्वार्थ पूरा हो जाता है मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोक कर गले लगा लेते हैं। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े ।कथा व्यास साध्वी निकुंज प्रिया मंजरी जी ने सुदामा चरित्र एवं गुरु की महिमा की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में गुरु का होना आवश्यक है गुरु हमारे जीवन की दशा एवं दिशा दोनों को बदलते हैं। कथा में श्री रामलीला कमेटी कविनगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल को कथा व्यास का अभिनन्दन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य यजमान संजीव श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी पतांजलि योग पीठ महिला कमेटी की जिला अध्यक्ष डॉ. शशि श्रीवास्तव रहीं। पार्षद राजकुमार नागर, सचिन सोनी, प्रेमपाल, सुनील चौधरी, पूनम चौधरी, प्रिया शर्मा, सरोज, अवध बिहारी उपाध्याय, पुष्कर नाथ पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# विजयनगर के जेकेजी स्कूल में किया गया ब्राहमण सम्मेलन का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने विजयनगर के जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में किया ब्राहमण सम्मलेन का आयोजन।

मुख्य अतिथि पं. सतीश शर्मा पूर्व मंत्री ने कहा कि रेनुका नन्दन एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम अजर एवं अमर हैं। भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा व विश्व कल्याण के लिए पृथ्वी से आतताइयों का विनाश किया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज को एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करना होगा। पं. जेके गौड ने कहा कि एक ब्राहमण का एकमात्र लक्ष्य मानव कल्याण व विश्व कल्याण ही होता है। ब्राहमण एकजुट हो जाएं तो पूरे विश्व को सही दिशा व दशा दे सकते हैं।

पं. पीताम्बर शर्मा ने कहा कि समाज देश व विश्व हित में ब्राहमण समाज का एकजुट होना जरूरी है। संस्था के जिलाध्यक्ष पं. जयनद शर्मा ने कहा कि ब्राहमण प्राचीन समय से ही सभी लोगों के हित में सोचता आया है। लोगों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाकर सही मार्ग दिखाने का कार्य ब्राहमण ही करते हैं। आज हम सभी को यह स्ंकल्प लेना है कि जहां भी रहेंगे वहां ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। पं. बीके शर्मा हनुमान, नरेन्द्र पाल कौशिक ने भी अपने सम्बोधन में ब्राह्मण समाज की एकता पर बल दिया।



कार्यक्रम में पं. आर एन पाण्डे, आर के शर्मा, शिव कुमार शर्मा, नितिन शर्मा, सूरज प्रकाश पाण्डे, परमानन्द शर्मा, परमानन्द गौड, धीरज भार्गव, राधेश्याम शर्मा, वाई,पी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा, आदेश शर्मा, अशोक शर्मा,अमित शर्मा, अमित गौड, गौरव शर्मा समेत लगभग 500 लोगों ने प्रतिभाग किया। संस्था के महानगर अध्यक्ष पं. सुभाष शर्मा ने उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया।

# वार्ड 79 में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर भाजपा पार्षद ने लोगों के साथ की बैठक





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 79 के भाजपा पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने न्याय खंड एक में लगातार चोरी की घटनाएं होने के बाद स्थानीय लोगों के साथ आपातकालीन बैठक की। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने बताया कि सभी स्थानीय निवासियों से सलाह मशविरा कर इस आशय का एक हस्ताक्षरित पत्र भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा । उन्होंने बताया कि पिछले 1 महीने में 40 मोटर चोरी हो चुकी हैं, एक मोटर की कीमत 4000 से 5000 तक होती है। स्थानीय लोग बहुत परेशान हैं, यहां पर निम्न आय वर्ग के लोग रहते हैं जिनका बजट चोर गड़बड़ कर रहे हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में भी इस क्षेत्र में बहुत चोरियां होने लगी थीं तब सभी लोगों ने मिलकर हस्ताक्षरयुक्त पत्र मुख्यमंत्री को भेजा था। उसके बाद क्षेत्र में पुलिसिंग गस्त तेज हो गई थी, लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगा था ।रविवार को सेंट्रल पार्क न्याय खंड एक में दोबारा इस बैठक का आयोजन हुआ। सभी लोगों ने अपने विचार रखे तथा क्षेत्र में चौकीदार रखने के लिए सभी ने सहमति जताई और साथ में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था और गलियों पर गेट लगाने पर भी चर्चा हुई। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने पिछले 1 साल में हुए कार्यों को भी गिनाया और बताया कि आने वाले समय में निगम को कॉलोनी हैंडओवर की प्रक्रिया पर भी गहनता से विचार हो रहा है। बैठक के बाद सभी लोग पुलिस चौकी में जाकर चौकी प्रभारी से मिले और उनको क्षेत्र में हो रही चोरियों के बारे में बताया। चौकी प्रभारी ने चौकी में पुलिस कर्मियों की कमी का हवाला दिया जिससे पेट्रोलिंग नहीं हो पा रही है, और चोर लगातार चोरियां कर रहे हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह नेगी, बालम सिंह रावत, परेश्वर जुयाल, गब्बर सिंह नेगी,भगत सिंह बिष्ट, जनार्दन भतर्वाल,अनिल आदि लोग मौजूद रहे ।

# एचआरआईटी में डी फार्मा विभाग ने किया फेयरवेल पार्टी का आयोजन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के फामेर्सी विभाग द्वारा डी फार्मा विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के वाइस चेयरमैन अंजुल अग्रवाल, प्रिंसिपल डी फार्मा डॉक्टर पूजा अरोड़ा, डॉक्टर वीके जैन, डॉक्टर एनके शर्मा, डॉक्टर निर्दोष अग्रवाल, डॉ. हरीश तलुजा, रंजना शर्मा, डाॅ. सिन्हा, डाॅ. नवनीत शर्मा एवं डाॅ. शैलेन्द्र सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में मिस फेयरवेल शिवानी एवं मिस्टर फेयरवेल कार्तिकेय तथा मिस्टर इवनिंग राजेश सिकदर एवं मिस इवनिंग इशिका को घोषित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा संगीत कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन अनिल अग्रवाल एवं डायरेक्टर जनरल वीके जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर एनके शर्मा ने भविष्य में आने वाले अवसर एवं चुनौतियों के बारे में अवगत कराया तथा निदेशक अकादमिक डॉ. हरीश तलुजा ने बच्चों को प्लेसमेंट के वारे में बताया। डी फार्मा एचआरआईटी प्रिंसिपल डॉक्टर पूजा अरोड़ा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मानसी गोस्वामी, डॉक्टर नवनीत शर्मा, मोहित राणा, कोमल, रबनूर, हिमांशु, अमित, राहुल, शिवकुमार शर्मा, अयान खान, रंजना शर्मा, डॉ. रूपांजलि. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल भूषण, डॉ. शबनम जैदी तथा मिस्टर योगेश आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए किया प्रेरित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला कांग्रेस कमेटी की महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ने नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं से मुलाकात करते हुए जोरदार तरीके से मातृ दिवस मनाया। महानगर अध्यक्ष ने इस अवसर पर माता और बहनों को बच्चों में अच्छे संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवनदात्री मां का कर्ज जीवन भर सेवा करने के बाद भी चुकता नहीं किया जा सकता। मां की ममता एक ऐसे आनंद की अनुभूति है जिसकी तुलना जीवन के किसी आनंद से नहीं की जा सकती। सौभाग्यशाली लोगों को ही मां का प्यार मिलता है। मां ही बच्चों की प्रथम पाठशाला होती है। इसलिए मां का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। सोनल नागर ने इस अवसर पर सभी माता बहनों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का वादा किया।

# भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई





**मोदीनगर,करंट क्राइम।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सबसे पहले भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गयी फिर भगवान परशुराम का जयघोष करते युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। मार्ग में कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के परशुराम मंदिर पर पहुंचने पर एक गोष्ठी भी आयोजित की गयी जिसमें भगवान परशुराम के बताए मार्ग अनुसरण करने का आहवान किया गया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलब्ध में शोभायात्रा के लिए आसपास के क्षेत्र के परशुराम वंशज सीकरी कला मे इकठा हुए और शोभायात्रा का वहां से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई भगवान परशुराम के मंदिर पुरानी तहसील पर पहुंचकर समापन हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व चैयरमैन राम आसरे शर्मा, विनोद वैशाली चैयरमैन, प्रदीप शर्मा सभासद, बबलू कोशिश सभासद, दीपक वत्स, जयप्रकाश शर्मा, पप्पन शर्मा, ऋषि शर्मा, प्रमोद शर्मा, शुभम शर्मा, बबलू लाइट, संदीप शर्मा, संजय तिवारी, अमित शर्मा, भीष्म शर्मा, दीपक वत्स, ललित त्यागी, रोहित त्यागी, मंगल मिश्रा, सुनील, विनीत शर्मा, प्रभान्स शर्मा, संजय पिंडी, अंकुर शर्मा, विनय शर्मा, नीरज शर्मा, मनोज शर्मा, हरिओम शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन ने मनाया से मदर्स डे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन द्वारा शिप्रा सनसिटी इंदिरापुरम में मदर्स डे पर केक काट कर सेलिब्रेट किया। जिसमें शिप्रा सनसिटी की मातृशक्ति को एनजीओ द्वारा सम्मानित किया गया, और सभी को मातृ दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। इस मौके पर लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने सभी बहिनों को सम्मानित करते हुए सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाए दी। कहा कि मां और बच्चे का रिश्ता बेहद खास होता है, मां के समर्पण और प्रेम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मदर्स डे मनाया जाता है। मां के सम्मान के साथ-साथ यह मातृत्व, मातृ बंधन और समाज में माताओं के प्रभाव का सम्मान करने वाला उत्सव है। जिसको हम सभी माताएं बड़े हर्ष और उल्लास के साथ हर साल मनाते है ।इस अवसर पर र लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गंगवार , की गाजियाबाद की महामंत्री पूजा तिवारी ,सदस्य सोमा श्रीवास्तव, आरती ,आशी , सोनम ,रूबी केसरवानी, रजनी पिंकी, प्रीति, प्रियंका, कात्यानी, तनवी, विथिका, सविता पाठक, पिंकी आदि मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# एबीईएस कॉलेज में खेल महोत्सव उत्साह का समापन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एबीईएस कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सवउत्साह का शानदार तरीके से समापन हो गया। खेल महोत्सव उत्साह केतीसरे एवं अंतिम दिन विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गये। इन स्पर्धाओं के 100 मीटर दौड़ के पुरुष मुकाबले में पार्थ गुप्ता ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया, वहीं लोकनाथ बनर्जी एवं गौरव कुमार ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। 100 मीटर दौड़ के महिला वर्ग में मोहिनी जोशी ने स्वर्ण पदक, शुभांशी पांडेय ने रजत पदक एवं राधिका सिसौदिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में 200 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में आदित्य तिवारी ने स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर दौड़ के महिला वर्ग में मोहिनी जोशी ने स्वर्ण पदक जीता। 800 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में सारांश पटेल एवं 100 मीटर दौड़ के महिला वर्ग में कृतिका सिंह ने बाजी मारी। 1500 मीटर दौड़ के पुरुषवर्ग में प्रिंस सिंह एवं महिला वर्ग में श्रेयांशी सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। बास्केट बॉल के पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में सी.एस.ई. ने आई.टी. को हराया वहीं बास्केट बॉल के महिला वर्ग में ई.सी.ई. ने आई.टी. को हराकर टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा किया। महोत्सव के समापन पर ए.बी.ई.एस. के अध्यक्ष नीरज गोयल ने कहा कि उत्साह 2024 कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं में स्फूर्ति, तत्परता, ऊर्जा, उमंग एवं उत्साह के साथ खेलने के प्रति प्रेरित करने में कामयाब हुआ है। इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. डी.के. शर्मा ने सभी खिलाडियों को भविष्य में उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। समापन के अवसर पर एबीईएस के उपाध्यक्ष सचिन गोयल, महासचिव, शाश्वत गोयल, सलाहकार रघुनंदन एवं अभय अग्रवाल, एबीईएस बिजनेस स्कूल के निदेशक प्रो. अजय सिंह, डीन मोहित मिश्रा, खेल समन्वयक मानबेन्द्र सहाय, प्रभात सिंह, डॉ. देवेन्द्र एडिकर, गौरव चौधरी,शिवांशु यादव, देवांश सिंह तथा श्रष्टि वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया दान दिवस पर जैन समाज ने किये सेवा कार्य





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** किसी जीव को जीवन जीने का साधन देना ही सबसे बड़ा जीवन दान है। अक्षय का मत जिसका क्षय नास नहीं होता है, इसीलिए इस दिन शुभ कार्य की शरुआत की जाती है। अक्षय तृतीया पर्व के शुभ अवसर पर इक्षु रस का वितरण महिला जैन मिलन इंदिरापुरम द्वारा 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीति खंड 1 में किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, महिला जैन मिलन की अध्यक्ष अर्चना जैन, मंत्री मोनिका जैन, नमिता जैन, बरखा जैन, सारिका जैन, प्रिया जैन,सजनी जैन, नीतू जैन, नेहा जैन, सुधा जैन, अनीता जैन आदि उपस्थित रहे।

# आईएमएस और जीएमए के सहयोग से प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से उत्पादन और संचालन प्रबंधन में उभरते रुझान पर एक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र के अग्रणी व्यक्तियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रबंधकों को उद्योग 4.0, आईओटी, एआई, और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों को संचालन में एकीकृत करने, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित करने पर केंद्रित था। आईआईएम संबलपुर के प्रमुख संसाधन व्यक्ति डॉ. राहुल सिंधवानी ने उत्पादन और संचालन प्रबंधन में आधुनिक चुनौतियों पर एक व्यावहारिक सत्र दिया, जिसमें डेटा-संचालित निर्णय लेने और प्रक्रिया अनुकूलन पर जोर दिया गया। आईएमएस में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नवीन विरमानी ने भी एक सत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसमें संचालन प्रबंधन के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का पता लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक धर्मेंद्र सिंह और जीएमए से राहुल अग्रवाल उपस्थित रहे। आईएमएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ. प्रसून त्रिपाठी ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग प्रथाओं के बीच अंतर को पाटने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। एमडीपी के आयोजकों में डॉ. नवीन विरमानी, प्रोफेसर विक्रम कुमार शर्मा और डॉ. प्रिया सिंह शामिल रहे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



नई दिल्ली।। सोमवार 13 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## मदर्स डे
### ममता का स्पर्श

# दैनिक करंट क्राइम के साथ पाठकों ने किया मां से जुड़े जज्बातों को साझा

मां अपने आप में एक पूरा संसार है। मां से परिवार है, मां से संस्कार है और इस सृष्टि पर जीव जंतु से लेकर मानव जीवन में मां का प्यार ही सबसे बड़ा है। मां प्रथम देवता हैं मां के कदमों में जन्नत है। मदर्स डे पर दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठक परिवार के साथ मां के प्यार को, उनके जज्बात को शब्दों के जरिए साझा किया। खास से लेकर आम ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। मां पूरी दुनिया है और एक बच्चे के रूप में सबने अपनी मां को खुद में समेटे हुए अपनी मातृ संस्कृति, सेवा और संस्कार को बताया है।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। मेरी मां के दिए हुए संस्कार ही है जिन्होंने मुझे राष्ट्र प्रेम ,धर्म के प्रति जागरूक किया और जिन्होंने जिनोहने मेरी मुश्किल सी जिंदगी को आसान और बेहतर बनाया। आज मैं उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी को बेहतर ढंग से खुशनुमा मोहल्ले में बीता पा रहा हूं।

वीरेंद्र कुमार कंडेरे भाजपा



मां आसमान होती है, मां धरती होती है, बच्चों में ही मां की जान होती है।

अंजली शर्मा अपने बच्चों के साथ



कभी भी मां बच्चों को भूखा नहीं सोने देती और उनके उठने से पहले खुद उठकर उनके सारे काम खत्म कर देती है। अपने आपको भूलकर बच्चों के लिए जीना जानती है मां।

अनुज शर्मा अपनी मां के साथ



मेरी माँ दुनिया की सबसे प्यारी माँ
माँ के आशीर्वाद से छू लिया आसमां

माँ संतोष देवी के साथ पुत्री ऐश्वर्या



आज मां को समर्पित मातृ दिवस मनाया जा रहा है। त्याग से समर्पित मां को धन्यवाद। एक मां जिसने जन्म दिया और दूसरी मा जिसने अपने जिगर का टुकड़ा और फूल से बेटी मुझे दी मेरी दोनो मां को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

निशा शर्मा



अंतर्राष्ट्रीय मातु दिवस पर हर मां को मेरी तरफ से शुभकामनाए,मेरे लिए मां का जीवन में होना मतलब पूरी कायनात का जिंदगी में होना। मेरी मां प्रिंसी त्रिपाठी ही मेरा सहारा है, मैं जीवन में जो भी आज अच्छे से कर पा रही हू,उसके लिए मेरी मां ही मेरा आदर्श है ,में हर जन्म में ये ही चाहूंगी की हर जन्म में मुझे ये ही बिटियामिले।

रिद्धिमा अपने बेटे के साथ



हर इंसान की जिंदगी में वह सबसे खास होती है। दूर होते हुए भी वह दिल के पास होती है। जिसके सामने मौत भी अपना सर झुक दे वह और कोई नहीं बस मां होती है हैप्पी मदर्स डे।

मोनिका गौड़



मां तो हमेशा खास होती है। इसलिए तो वो हमारी पहली गुरु, पहली दोस्त और पहली सखी होती है। उनके आगे हम कुछ भी बोल देते हैं, वो हमें कभी भी जज नहीं करती हैं। जब भी हमें चोट या दर्द होता है तो हमारे मुंह से सबसे पहला शब्द ही मां निकलता है। हर बच्चे के लिए वो अपने दिल में बराबर का प्यार रखती है। माँ के लिए कोई एक ही दिन स्पेशल नहीं है 365 दिन ही माँ के है। उनके बिना ना सुबह ना रात सभी दिन माँ के हैं – लव यू माँ।

स्पर्श अग्रवाल अपनी मां के साथ



हर माँ जीवन भर अपने बच्चे के प्रति समर्पित रहती है। माँ के त्याग की गहराई को मापना किसी के लिए भी संभव नहीं है और न ही हम अपनी माँ के अमूल्य उपकारों और प्यार का बदला चुका सकते हैं।

मां ओमवती शर्मा



मां के रहते जीवन में कभी कोई गम नहीं होता, दुनिया साथ दे या ना दे पर मां का प्यार कभी काम नहीं होता। गौड़ परिवार की ओर से मदर्स डे की शुभकामनाएं।

राहुल नरेश पाल गौड़ अपनी मां के साथ



मां शब्द ही ऐसा है जिसमें प्यार ममता और भावुकता झलकती है। अपनी मां को तो मैंने 30 वर्ष पहले ही खो दिया था लेकिन वही प्यार मुझे अपनी सासू मां से मिला उन्होंने मुझे कभी मां की कमी महसूस नहीं होने दी। मां का दिल ऐसा होता है जब कभी भी मैं दुखी होती हूं तो मुझे देखकर रोने लगती है यही तो मां की ममता है।

मयंक चौहान



ऐ अँधेरे देख ले मुंह तेरा काला हो गया माँ ने आंखें खोल दीं घर में उजाला हो गया। मैंने रोते हुए पोंछे थे किसी दिन आंसू मुद्दतों माँ ने नहीं धोया दुपट्टा अपना। किसी के हिस्से में घर आया, किसी के हिस्से दुकान आई मैं घर में सब से छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई। लबों पे उसके कभी बददुआ नहीं होती बस एक माँ है जो कभी खफा नहीं होती। इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है माँ बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है।

अजय वीर सिंह एडवोकेट
राष्ट्रीय प्रवक्ता रालोद



मेरी मां मेरी जिंदगी आई लव यू मॉम।

देवेंद्र कौशिक



माँ! ये सिर्फ एक शब्द नहीं बल्कि एहसास है.... माँ एक ऐसी शिक्षिका है जो हमें प्यार, निडरता और खुद पर विश्वास करना सिखाती है... आसान शब्दों में कहे तो माँ ही है जो एक बच्चे को इंसान बनना सिखाती है और हमें जिन्दगी में सही मार्ग दिखाती है.... वो कहते है न कि भगवान हर जगह नहीं हो सकता इसलिए उसने माँ बना दी, बस ऐसा ही दर्जा है एक माँ का ......

सोनू त्यागी पार्षद मुरादनगर



मेरे लिए मेरी मां ही आदर्श और मां ही मेरी गुरु है, और मेरी हर उलझन का जवाब मेरी मां है। जब भी मैं निराशा हुई मेरी मां ही ने मेरी निराशा को आशा में बदल दिया। मां ने मुझे अच्छे संस्कार दिए, इसीलिए मेरे मन में सदा सभी के प्रति प्रेम भाव है। और नफरत को कोसो दूर रखा।

आशा पवार अपनी मां के साथ



माँ के बिना जीवन अधूरा है, माँ के साथ हर पल खुशियों के साथ बिताना है।

अनुज शर्मा अपनी मां के साथ



बस एक बात की इंतहा देखी / मैंने माँ के कदमों में जहान देखी। माँ के लबों पर गंगा सी पावन मुस्कान देखी / मैंने माँ के कदमों में जहान देखी। माँ के आंखों में तीरथ धाम देखी/ मैंने माँ के कदमों में जहान देखी। माँ की दूधिया आंचल स्वर्ग समान देखी/ मैंने माँ के कदमों में जहान देखी। बस एक बात की इंतहा देखी/ मैंने मेरी माँ के कदमों में जहान देखी

स्वरचित पंक्तियाँ ठाकुर अर्चना सिंह



गर दवा असर ना करे,तो
नजर भी उतारती थी।
ये मेरी मां है साहब,जो कभी
हार नहीं मानती थी।

श्रीमति बिरमों देवी (ब्रजेश्वर नीमी की माता जी)



माँ की ममता एक ऐसा सागर है, जिसमें हमेशा नई ऊर्जा और प्रेम की लहरें बहती रहती हैं।

आकाश जैन अपनी मां के साथ

## संपादकीय

# चुनावों में राजनीतिक झटके

राजनीतिक दलों में दल-बदल का रोग केवल भारत तक ही सीमित नहीं बल्कि इंगलैंड जैसे देश में भी जारी है। ब्रिटेन में अगले वर्ष की शुरुआत में आम चुनाव होने जा रहे हैं लेकिन इससे पहले ही प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को राजनीतिक झटके लगने शुरू हो गए हैं। ब्रिटेन में चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव पार्टी की हार की संभावना व्यक्त की जा रही है जिससे सत्ताधारी पार्टी के सांसदों की चिंता बढ़ गई है तथा पिछले 15 दिनों के भीतर उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के 2 सांसद पार्टी छोड़ कर लेबर पार्टी में शामिल हो गए हैं।

8 मई को डोवर से 'कंजर्वेटिव सांसद' 'नताली एलफिस्के' पाला बदल कर लेबर पार्टी में शामिल हो गईं। इससे पहले अप्रैल के अंत में कंजर्वेटिव सांसद 'डैन पोल्टर' पार्टी से नाता तोड़कर लेबर पार्टी में शामिल हो चुके थे। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में 'नताली एलफिस्के' की डोवर सीट भी खतरे में बताई गई और यहां सत्ताधारी पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ सकता है, इन्हीं कारणों से उन्होंने दल-बदल किया है।

कुछ दिन पहले तक लेबर पार्टी की कटु आलोचक रहीं 'नताली एलफिस्के' ने पार्टी छोड़ने के समय प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर वादे तोड़ने एवं मुख्य वादे भूलने का आरोप लगाते हुए अपने त्यागपत्र में कहा : जब मैं 2019 में चुनी गई, कंजर्वेटिव पार्टी ब्रिटेन की राजनीति के केंद्र में थी। पार्टी हमारे देश को आगे ले जाने के लिए भविष्य का निर्माण कर रही थी और अवसर सृजित कर रही थी लेकिन अब कई चीजें बदल गई हैं तथा 2019 के चुनावी घोषणा पत्र के वादे को भुला दिया गया है।

इन दोनों ही सांसदों ने पार्टी और सुनक का साथ ऐसे समय में छोड़ा है, जब ब्रिटेन में हाल में हुए उपचुनावों और स्थानीय चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की बड़ी हार हुई है। ब्रिटेन की राजनीति में नेताओं का दल-बदल नई बात नहीं है और वहां 1698 से ही नेताओं के दल बदलने का सिलसिला जारी है लेकिन चुनाव के निकट इस तरह का दल बदल निश्चित रूप से चर्चा में आ जाता है। माना जा रहा है कि चुनाव को देखते हुए आने वाले महीनों में ब्रिटेन में और राजनीतिक उठा पटक भी देखने को मिल सकती है।

# मजबूत वैश्विक रुख के बीच सोना 950 रुपये तेज चांदी 2300 रुपये उछली



**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के मौके पर मजबूत घरेलू मांग और वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 73000 के स्तर को पार कर गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, सोना 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये की तेजी के साथ 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 83,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 100 रुपए की तेजी के साथ 73,200 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर लोगों द्वारा सोने के सिक्के, बार और आभूषण खरीदने से खुदरा मांग बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर हाजिर सोने का भाव 52 डॉलर की तेजी के साथ 2,360 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी की कीमत 28.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## 2025 तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : अमिताभ

**नई दिल्ली।** भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत का अनुमान है कि 2025 तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थवव्यवस्था बन जाएगी। भारत जापान को पछाड़ देगा। भारत फिलहाल पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2022 में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़ दिया था। भारत से आगे अभी सिर्फ अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान की अर्थव्यवस्था है। एक दशक पहले यानी 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। भारत की जीडीपी लगभग 3.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। कांत के अनुसार, फ्रैजाइल-5 से दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं तक भारत की यात्रा बड़ी अहम रही है। इसके कई मुख्य अंश हैं- रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, पिछली तीन तिमाहियों में 8 प्रतिशत से अधिक जीडीपी वृद्धि, भारतीय मुद्रा रुपये में 27 देशों के साथ व्यापार, मुद्रास्फीति प्रबंधनीय आदि। बता दें, फ्रैजाइल-5 शब्द 2013 में मॉर्गन स्टेनली द्वारा दिया गया है।




### स्कूल का धरना हो रहा है या जागरण की झांकियां निकल रही हैं

वो आये तो थे लड़ाई लड़ने अधिकारों की लेकिन अब उनकी चर्चा उनकी तकरारों को लेकर होती है। संस्था का नाम गाजियाबाद के अभिभावकों से लेकर पूरे देश के अभिभावकों से हैं। फीस से लेकर एडमिशन तक इंकलाब यहीं से निकलता हैं बाकी ये अलग बात है कि समधान यहां कितने पैरेंटस के मामलों का निकलता हैं। एक तरफ तो ये रंज है कि बच्चों का तबादला दूसरी शाखा में हमसे पूछे बिना ही कर दिया। पैरेंटस तो सोच ही रहे थे लेकिन पैरेंटस वाली इंकलाबी आवाज ने मोर्चा संभाला। सीन ए और बी का हो गया। ऑल वालों ने तो बॉल ही गाजियाबाद वालों के पाले में डाल दी। उनके तरीको पर ही सवाल उठाया। कहा कि ये देवी जागरण नही हो रहा कि एक बार सुदामा की झांकी आयेगी और एक बार मां शेर पर बैठ कर आयेगी। आज धरने का ये आईटम होगा आज प्रर्दशन में ये नया सीन होगा। अरे समाधान करों ये वैराईटी आफ धरना नही

### कौन दिखा रहा है भाजपाइयों को शहर विधायकी के ख्वाब

एक बड़े संगठन पदाधिकारी ने किसी बड़े ड्रांइग रूम में बैठकर कहा था कि जिसकी ऑखों में हम ख्वाब रख देते हैं फिर वो सोना भूल जाता है। ये उन दिनो की बात हैं जब यूपी में उनके यूरीन में चिराग जल रहा था उनका पूरा नाम चल रहा था। अब सीजन चुनाव का पूरे देश में हैं लेकिन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोकसभा के चुनाव में भी सीजन विधायकी के ख्वाब का चल रहा है। पहली बार के पार्षद भी शहर विधायक बनने को अंगड़ाई ले रहे हैं। इस पार से लेकर उस पार की कई फीमेल को ये फील करा दिया गया है कि टिकट आप का ही हो सकता है। चर्चा फूल वालों में चली कि ख्वाब देखना खराब बात नही लेकिन हमें तो तलाश उस ख्वाब दिखाने वाले की है। वो कौन सा ऐसा पदाधिकारी हैं जो भाजपाईनों को शहर विधायकी के ख्वाब दिखा रहा है।

# कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने कसी कमर

## बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदना शुरू

**नई दिल्ली।** अक्सर प्याज के दाम देखते ही देखते आसमान छूने लगते हैं। लेकिन चुनाव नजदीक देख सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इसलिए सरकार ने इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बनाई है। इसका इस्तेमाल कीमतें बढ़ने की स्थिति में उन्हें काबू करने के लिए किया जा सकता है। इसी को लेकर सरकार ने किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है।



**बाजार दरों पर किसानों से प्याज खरीदना शुरू :** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने कीमतों में वृद्धि होने पर आपूर्ति बढ़ाने के लिए 2024-25 के लिए पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए बाजार दरों पर किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है। यदि प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो बफर सरकार को बाजारों में हस्तक्षेप करने की इजाजत देगा। खासकर तब जब सरकार ने पिछले सप्ताह प्याज निर्यात परसे प्रतिबंध हटाने का एलान कर दिया है। **प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया :** गौरतलब है, देश में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया, लेकिन साथ न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।




# कई पिंक बूथ प्रभारी जून में होंगी पैदल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में महिलाओं की कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने और उनको त्वरित न्याय दिलाने के लिए बड़ी संख्या में पिंक बूथ स्थापित किए गए थे। पिंक बूथ बने लंबा समय हो चुका है। इनकी वर्किंग को लेकर कई बार मीटिंग और समीक्षा हो चुकी है। वही सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों बड़े साहब की मीटिंग के बाद कहानी कुछ और सुनाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी ,ट्रांस हिंडन और देहात जोन के अंतर्गत स्थापित कई पिंक बूथ की प्रभारियों को जून में पैदल किया जा सकता है। बताया जा रहा है कई मामलों में पिंक बूथ प्रभारियों की शिकायत भी सामने आई है। तो बीते दिनों हुई बैठक के बाद कई पिंक बूथ की प्रभारी रडार पर आ गई हैं। कई अधिकारी पिंक बूथ प्रभारियों की वर्किंग से लाल चल रहे हैं व रडार पर आ गई हैं। सुनने में आ रहा है कि सिटी जोन के अंतर्गत एक पिंक बूथ तो ऐसा है जहां पिंक बूथ प्रभारी का बेटा ही जमा रहता है। सुनने में आया है कि जिन पिंक बूथ में पुरुष पुलिस कर्मियों की एंट्री को लेकर काफी सख्त वाले नियम थे, बीते कई महीनों से वह भी टूटे दिखाई दे रहे हैं। इसी के साथ एक पिंक बूथ प्रभारी लाइन पर इलाके से हैं, जिनकी भी कई चचार्यें सुनाई दे रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे कमिश्नरेट वाले साहब दो पिंक बूथ प्रभारियों के प्रमोशन की जानकारी जरूर आउट कर रहे हैं, पर अभी यह डाउट बना हुआ है कि कौन इन और कौन आउट होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में बनाए गए पिंक बूथ को लेकर आने वाले दिनों में अगर रैंकिंग रिपोर्ट जारी की गई तो फिर उसके बाद जरूर बदलाव होगा। वैसे बताया जा रहा है पिछले दिनों जो मीटिंग में मामले सामने आए थे, उसके बाद दोबारा मीटिंग वाला सीन नहीं बन पाया है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पिंक बूथ के नोडल को लेकर भी बड़े अधिकारी सोच विचार कर सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो जून के दूसरे सप्ताह के बाद पिंक बूथ को लेकर गुड़ और बेड दोनों न्यूज बाहर आएंगी, ऐसी कमिश्नरेट में चर्चा सुनाई दे रही है। जून के महीने में देखना होगा कि कौन से जोन में पिंक बूथ को लेकर ज्यादा बदलाव होता है और किस जोन में मामला सेफ रह जाता है। वैसे कमिश्नरेट वाले बता रहे हैं कि जिसका नाम खटक गया है , उसको आउट तो किया ही जाएगा।




## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

---

बॉयफ्रेंड- जानू कहां गायब थी 3 घंटे से?
गर्लफ्रेंड- मॉल गई थी बेबी, शॉपिंग करने।
बॉयफ्रेंड- अच्छा जानू, क्या-क्या लिया?
गर्लफ्रेंड- बेबी, एक हेयर बैंड और 45 सेल्फी।

---

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं?

## रोचक तथ्यों का करंट

- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है – 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

## हर्ष गोयनका ने साझा की यादगार तस्वीर अंबानी, गोयनका और महिंद्रा एक फ्रेम में



**मुंबई।** मशहूर उद्योगपति हर्ष गोयनका सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय रहते हैं और अपने मजेदार पोस्ट के लिए जाने जाते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विंटेज तस्वीर साझा की, जिसकी सोशल मीडिया पर खासी चर्चा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। दरअसल इस तस्वीर में हर्ष गोयनका दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी और आनंद महिंद्रा के साथ दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर किसी पार्टी की लग रही है, जिसमें तीनों उद्योगपति दोस्ती के हल्के-फुल्के पल बिताते दिख रहे हैं और किसी बात पर हंसीं-मजाक करते दिख रहे हैं। इस तस्वीर को पत्रकार प्रदीप चंद्रा ने अपने कैमरे में कैद किया था और हाल ही में इसे सोशल मीडिया पर साझा किया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

13 05 2024

### आज के जन्मदिन




सेलेब्रिटी जन्मदिन
जरीन खान
अभिनेत्री



सुनीता सिंह | सुमन आजाद | आलोक शर्मा, पीआरओ (नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम) | अजय नागर | अंकुर त्यागी | प्रमोद ठाकुर



आलोक शर्मा | वीरू शर्मा | सुदर्शन प्रसाद | मनीष गुप्ता | हरिओम शर्मा | मोहित गिरी



पुष्पेन्द्र शुक्ला | नितिन मित्तल | विशाल पांचाल | प्रिंस कुमार



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# दैनिक करंट क्राइम के साथ पाठकों ने किया मां से जुड़े जज्बातों को साझा



मां के साथ गौरव बंसल।

मां के साथ हरीश कशाना।

मां बीनू शर्मा के साथ बेटा रोबिन शर्मा।



मां के साथ दीपक त्यागी।



मां के साथ चमन भाटी।

मां परवीन कुरैशी बेटा हन्नान कुरैशी।

मां के साथ विनित भारद्वाज।



मां के साथ अंश पाठक।

मां के साथ आशा सचदेवा।



मां के साथ अदनान अहमद।

मां के साथ आशा यादव।



मां के साथ सुनित मलिक।

मां के साथ सुनिता अरोरा।

मां के साथ मनीश चड्डा।






मां के साथ योगिता।



मां के साथ शिवानी भटनागर।

शिवन्या गुप्ता।

मां के साथ श्रुय अरोरा।

मां के साथ सोहन सिंह राणा।

मां के साथ सोनू चौधरी।

मां के साथ सोनू शर्मा।



प्रभा देवी ।

मां के साथ प्रवीण।

मां के साथ राहुल पंडित।

मां के साथ राजन कुमार।

मां के साथ रमन गुप्ता।

मां के साथ सतेन्द्र शर्मा।

शांति देवी।



मां के साथ नीतू सेठी।

मां के साथ नितिन भारद्वाज और सविता शर्मा।

नवेदिता शुक्ला ।

मां के साथ नवेदिता शुक्ला।

मां के साथ ओमदत्त कौशिक।

प्रदीप कुमार।

मां के साथ पारुल सिंह।



मां के साथ मनोज कुमार।

मां के साथ मीनू कशाना।

मां के साथ मो. यूनूस कुरेशी।

मां के साथ मोनू ठाकुर।

मां के साथ नवीन कुमार।



जशमीत सिंह

मां के साथ काजल त्यागी

मां के साथ कार्तिक त्यागी

मां लक्ष्मी ढौंडियाल अपनी बेटी रजनी ढौंडियाल के साथ

लक्ष्मी वर्मा

मां के साथ ललित पांड़े।

माधुरी देवी।

# दैनिक करंट क्राइम के साथ पाठकों ने किया मां से जुड़े जज्बातों को साझा



योगेश त्यागी | विष्णु कुमार | बबलू शर्मा | ठाकुर अर्चना सिंह | योगी सिंह | यति गुप्ता | धारणा कौशिक



हिमांशू गंगवार | जयश्री सिन्हा | मां कमलेश शर्मा, डॉ. नीलम शर्मा | मां किरण देवी अरविंद प्रताप सिंह | अर्जुन पंडित



सविता शर्मा | हरसिमर सिंह | नफीस अहमद | अशोक प्रताप सिंह | आशु सिद्धार्थ विहार | दीपक वर्मा



बेटियां नीलाक्षी पांचाल रिया पांचाल | ककककककककक | रोहित कसाना | रोहित कुमार | भूषण पंडित





संजीव शर्मा | शिवम चौधरी | सौरभ झा | देवेश गुप्ता



उपेन्द्र पी.सिंह | सोनू भाटी | पपेंद्र शिशोदिया | गौरव गोयल | दीप्ति गर्ग



ककककककककक | युग गुर्जर | राहुल सिंह | परवेज अख्तर | गीता देवी



जाहिद राणा | पुष्पेंद्र गोला | मयंक शर्मा | पूजा तिवारी | हिमानी जोशी | पूजा तिवारी | अमरीश कौशि



रोहन वाशिंगटन | माधुरी देवी की बेटी का नाम वकील काजल सिंह | परवेज मलिक | नितिन गोयल | डॉ लीना तोमर | जय दीक्षित | अंगद चौहान



राहुल पंडित गिरधर | एमडी रेहान | अनश सैफी मां आबिदा | बृजपाल शर्मा और विमला देवी | निशांत शुक्ला | बब्लू त्यागी | बालकिशोर शर्मा

